प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 12.07.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इंक्यावन हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र वितरित किए–रायपुर में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने बहत्तर युवाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र।

- मुख्यमंत्री ने आज पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को किया सम्मानित।

- सुकमा जिले में आज एक करोड़ अट्ठारह लाख रूपए के तेईस इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

- जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम भैंसतरा में तालाब में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत।

<u>प्रधानमंत्री रोजगार मेला–01</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मानती है कि भारत की दो असीम शक्तियाँ हैं, एक उसकी जनसांख्यिकी और दूसरा उसका लोकतंत्र। प्रधानमंत्री

आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में इंक्यावन हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले में बोल रहे थे।

रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। आज भी आप में से कई ने भारतीय रेल में अपने दायित्वों की शुरुआत की है कई साथी अब देश की सुरक्षा के भी प्रहरी बनेंगे, कुछ साथी हेल्प फॉर ऑल मिशन के सिपाही होंगे और बहुत से साथी भारत के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे।

गौरतलब है कि सोलहवां रोज़गार मेला देशभर के सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया।

छत्तीसगढ़–रोजगार मेला–02

इधर, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने बहत्तर युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर श्री उइके ने कहा कि युवाओं को रोजगार मेले में जो नौकरियां मिल रही हैं, वह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है और सरकार हर भारतीय का सपना सच करने के लिए पूरी निष्ठा से काम रही है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि नये नियुक्त कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें चौदह सौ से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, रेलवे के अपर रेलमंडल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री–सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में आयोजित पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का मार्ग है।

कार्यक्रम को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक धरमलाल कौशिक ने भी संबोधित किया।

माओवादी–आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज एक करोड़ अट्‌ठारह लाख रूपए के तेईस इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें तीन दंपत्ति भी शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि राज्य शासन की पुनर्वास नीति और नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर इन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

इन सभी माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपए की प्रोत्साहन दी जाएगी। इन माओवादियों पर मुठभेड़, आईईडी विस्फोट, फायरिंग सहित अन्य माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है।

उधर, गरियाबंद जिले में माओवादियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की टीम ने कल तलाशी अभियान के दौरान जुगाड़ इंदागांव क्षेत्र के जंगल में माओवादियों द्वारा तीन जगहों पर डंप किए गए सामानों को जब्त कर नष्ट कर दिया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार

स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को स्वच्छता के पैमानों पर खरा उतरने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सत्रह जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

बिलासपुर नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका और बिल्हा नगर पंचायत को प्रेसीडेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। वहीं, रायपुर नगर निगम को मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अंबिकापुर नगर निगम तथा पाटन और विश्रामपुर नगर पंचायत को भी स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पुरस्कार के लिए चुने गए नगरीय निकायों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल–कोरबा

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोरबा जिले में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने महत्वपूर्ण इंडीकेटर्स की समीक्षा करने के साथ ही क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सरपंचों से भी

मुलाकात की। इससे पहले, राज्यपाल ने जिला पंचायत परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत बादाम के पौधे लगाए।

वहीं, राज्यपाल ने कल अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर और डॉक्टर सी.वी. रमन विश्वविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।

<u>व्यापारी–बिल</u>

राज्य सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों के दस साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में पच्चीस हजार रूपए तक की वैट देनदारियों को खत्म करने का निर्णय लिया है। इससे चालीस हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ मिलेगा। साथ ही बासठ हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे। इसके अलावा ईज–ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे। इस संबंध में कल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक तथा छत्तीसगढ़ बकाया कर ब्याज और शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक का अनुमोदन किया गया। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

<u>पेट्रोप पंप–प्रदूषण जांच</u>

राज्य में वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए परिवहन विभाग ने पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केन्द्र की स्थापना करने का निर्णय लिया है। फिलहाल छप्पन पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।

परिवहन आयुक्त की उपस्थिति में कल पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बताया गया कि राजधानी रायपुर और धमतरी के छह पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केन्द्र की शुरूआत हो चुकी है। आगामी दिनों में पचास पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

बच्चे–मौत

जांजगीर–चांपा जिले में बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसतरा में आज तालाब में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इनमें दो बच्चे सगे भाई–बहन है। वहीं, दो अन्य बच्चे पड़ोस के ही रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर आगे की कार्यवाही कर रही है। मृतक बच्चों की उम्र पांच से आठ साल के बीच बताई गई है।

आंगनबाड़ी–ब्लैक लिस्टेड

राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए भेजी गई सामग्रियों के गुणवत्ताविहीन होने के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए छह सप्लाई एजेंसियों को जेम पोर्टल से ब्लैक लिस्ट कर दिया है। भविष्य में ये एजेंसियां किसी भी प्रकार की सामग्रियों की शासकीय आपूर्ति नहीं कर पाएंगी।

वाहन–मनपसंद नंबर

प्रदेश के वाहन मालिक अब अपने पुराने वाहन के नंबर या मनपसंद नंबर का उपयोग नये वाहन में भी कर सकेंगे। यह निर्णय कल राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। परिवहन सचिव एस.प्रकाश ने बताया कि

इस संबंध में विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस नई व्यवस्था से आम जनता को सुविधा मिलेगी और उनकी पसंद के नंबर को फिर से उपयोग में लाने का अवसर मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानूसन सत्र चौदह जुलाई से शुरू होगा। इसी संबंध में कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल तेरह जुलाई को रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में होगी।

- बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाने के मुख्य आरोपी गिरीश घिरवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले ही पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- इसी जिले की सिमगा पुलिस ने नशे की दवाईयां बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब चार हजार नशीली दवाइयां जब्त की गई हैं।

- जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम पकरिया–झूलन में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><>